गौरय्या घोसला सामान्य तथा कमोबेश नियमित गोलाकार पिण्ड होता है किन्तु इसका आकृति व आकार में घोसले के लिए उपलब्ध स्थान की उपलब्धता के अनुसार बदलते है। घोसले का सामान्य अभिलक्षण गोलाकार या अर्धगोलाकार होता हैं जो ऊपर से गुम्बद से आच्छादित होता है एवं प्रवेश द्वारा स्पष्ट रूप से नेस्ट कप के रूप मे परिभाषित होता हैं कृत्रिम घोसले बक्स में बनाए गए घोसलों का आकार व अनुसार परिवर्तित होता है। गौरय्या बहुसंतान उत्पन्न करने वाली पक्षी है, यह एक प्रजनन मौसम में 3–4 बार 2–5 संतानों के अण्ड में प्रजनन करती है। एक सत्र में प्रजननों की संख्या व प्रत्येक प्रजनन में अण्डे में संतानों की संख्या अभिलिखित की गई। कृत्रिम घोसलों की सफलता की विश्लेषण करने के लिए स्थापित किया गया प्रत्येक घोसले (अर्थात समस्त 3 प्रकार के बक्से, लकड़ी के बक्से , जूते के डब्बे एवं मट्टी के बर्तन) जिन्हे गौरय्या ने अपनाया ग्लोबल पोजीशनिग का कोआर्डिनेटस अभिलिखित किया गया। परीक्षणों से ज्ञात हुआ कि गौरय्या द्वारा लकड़ी के बक्से सबसे अधिक अपनाए गए जिस के बाद जूते के बक्से उपनाए गए तथा मिट्टी के बर्तन के घोसले सबसे कम अपनाए गए। यह पाया गया कि एक प्रजनन मौसम में गौरय्या ने सर्वाधिक चार बार प्रजनन किया तथा संतानों की संख्या 2–5 थी।

घोसलों बनाने में प्रयुक्त सामग्री का अध्ययन करने हेतु प्रजनन सत्र समाप्त होने के उपरान्त खाली घोसले एकत्र किया गया। प्राकृतिक व कृत्रिक घोसलो में प्रयुक्त सामग्री का अध्ययन करने के लिए घोसले प्राकृतिक स्थलो ंसे एवं लकड़ी के घोसलो से भी एकत्र किया गए। घोसलें बनाने की विभिन्न सामग्री घोसले में उपलब्ध स्थान के आधे से अधिक में मरे गए थे।

घोसला निर्माण में उपयोग की गई प्राकृतिक सामाग्री मे आस–पास चारों और पाई जाने वाली सामग्री थी। ये सामग्री धान (ओरीजा सटाइवा) दूब घास (साइनोडोन डक्टीलोन) छोटे झाड़ीदार पौधो की छाल, खजूर की पत्ती (ताड़ का झाड़ू) फोएनिकस डकटीलीफेस, मूंज पत्ती सैकरम मुजा, धनिया पत्ती कोरिएण्डर पत्ती एवं विभिन्न पक्षियों विशे ा कर मुर्गे के पंख आदि थी। प्राकृतिक घोसले में प्राकृतिक व मानव निर्मित कुल 20 प्रकार की सामग्री पाई गई। लकड़ी के बक्से मे बनाए गऐ घोसला सामग्री पाई गई। प्रायोगिता अध्ययन की सफलता के

चित्र–6 रीजनल साईस सिटी अलीगंज में पेण्टिंग प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते विद्यार्थी।

उपरान्त समस्त तीनों प्रकार के घोसले बक्से (लकड़ी, जूते के डब्बे व मिट्टी के पात्र) के 20 जोडे अधिकतम जनवरी 2015 में गौरय्या संख्या वाले क्षेत्र डालीगंज एवं न्यूनतम गौरय्या संख्या वाले क्षेत्र इटोजा में रखे गए। वर्ष 2014 में कृत्रिम घोसले बक्से स्थापित किए जाने से गौरय्या इनसे पूर्व परिचित थी। अतः वर्ष 2015 में गौरय्या ने इन कृत्रिम घोसलों का अधिक सरलता से स्वीकार कर लिया तथा वर्ष 2014–14 में 50 जोडे कृत्रिम घोसला बक्सों (30 जोडे पुराने बक्से+20 जोडे नए स्थापित बक्से) का नियमित रूप से अनुश्रवण किया गया। प्रेक्षत्रों से ज्ञात हुआ कि गौरय्या द्वारा डालीगंज में 84 घोसले बक्से (लकड़ी के 47+जूते के बक्से 27+मिट्टी के पात्र 2) अपनाए गये।

परियोजना संचालन का एक उद्देश्य लोकप्रिय वार्ताओं, दृश्य श्रव्य कार्यक्रम एवं सामूहिक विचारविमर्ष के माध्यम से विद्याथियों वन कर्मियों एवं स्थानी गैर सरकारी संगठनों के नेताओं तक सक्रिय पहुँच बनाना है। स्थानीय समुदायों से उत्तर दायित्व की भावना उत्पन्न कर एवं नियमित अनुवष्ट द्वारा संरक्षण अनुश्रवण संजाल स्थापित किया गया। संरक्षण अनुश्रवण संजाल स्थापित करने के उपरान्त स्थानीय जनता गौरय्या संरक्षण के प्रति और अधिक जागरूक तथा बहुत अधिक उत्साहित हुई। 14 मार्च 2015 को डालीगंज व इटौजा में दो कार्यशालाए आयोजित की गई तथा 20 मार्च 2015 की रीजनल साईस सिटी अलीगंज लखनऊ में विश्व गौरय्या दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। इसी क्रम में 20 मार्च 2015 को विश्व गौरय्या दिवस स्वयं सेवकों की सहायता से जागरूकता एवं गौरय्या गणना अभियान संचालित किया गया। गणना में गौरय्या की कुल संख्या 5637 पाई गई। गौरय्या गणना के उपरान्त रीजनल साईस सिटी अलीगंज लखनऊ में विभिन्न प्रतियोगिताए आयोजित की गईं। 13 से अधिक विद्यालयों के कक्षा 6–12 के 400 से अधिक विद्यार्थियों ने गौरय्या संरक्षण विषय पर पेन्टिंग प्रतियोगिता गौरय्या योजना भोजन आवास व उड़ान विषय पर रंगोली प्रतियोगिता एवं गौरय्या विषय क्विज प्रतियोगिता के माध्यम से (चित्र–6 व 7) अपने विचार व्यक्ति किए। श्रीमती प्रतिभा सिंह भा0व0से0, सचिव, उ0प्र0 राज्य जैवविविधता बोर्ड, लखनऊ, उमेश कुमार, परियोजना समन्वयक, रीजनल साइन्स सिटी अलींगज, लखनऊ एवं प्रो0 मधु त्रिपाठी, विभागाध्यक्ष, जन्तु विज्ञान विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ ने पुरस्कार व प्रमाण पत्र देकर विजेताओं का उत्साह वर्धन किया। किसी भी प्रजाति के संरक्षण के लिए स्थानीय जनता का

चित्र–7 रीजनल साइंस साई सिटी अलीगंज लखनऊ में क्विज प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते हुए विद्यार्थी।

जुड़ाव व समर्थन अत्यन्त महत्वपूर्ण है। डालीगंज व इटौजा की जनता गौरय्या सरंक्षण हेतु बहुत उत्सुक है तथा उनके आवास गौरय्या के घोसलों से भरे है। अन्य व्यक्तियों को भी गौरय्या संरक्षण के लिए प्रेरित करने हेतु गौरय्या संरक्षण, रूचि लेने वाले व्यक्तियों का चयन कर उन्हें प्रशंसा पत्र व पुरस्कार के रूप में गौरय्या की आकृति के कप देकर प्रोत्साहित किया गया।

3. उ0प्र0 में चिरोप्टरान विविधता एवं संरक्षण

यह अध्ययन बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा कराया गया। चिरोप्टरान प्राणि प्रजाति की विविधता एवं उनका आवास चयन व आवास पारिस्थितकी का आकलन करने के लिए यह अध्ययन प्रदेश के कुछ जनपदों लखनऊ (रेजीडेन्सी, भिराखनपुरा, पिपरसिण्डी, काकोरी एवं मोहनलाल गंज), बाराबंकी (दरियाबाद एवं बंकी, अम्बेडकर नगर (मोहानपुर, नसुल्लापुर, लोधीपुर एवं पिपरी), आजमगढ़, मऊ, आगरा, फिरोजाबाद, चित्रकूट, बांदा, कानपुर एवं उन्नाव में कराया गया, इसके साथ ही अध्ययन के क्षेत्र में चमगादड़ संरक्षण के लिए स्थानीय निवासियों को शिक्षित करने हेतु जागरूकता शिविर संचालित किये गये।

अमन मण्डल में जैव द्रव्यमान व स्तनपाई प्रजातियों की समृद्धि में चमगादड़ सार्थक योगदान देते हैं। सम्पूर्ण विश्व में चमगादड़ की 1232 प्रजातियॉ ज्ञात हैं तथा भारतीय उप महाद्वीप में चमगादड़ की 117 प्रजातियाँ पायी जाती हैं। टेरोपोडिट चमगादड़ पारिस्थितकीय व आर्थिक दृष्टि से महत्वपूर्ण कई पादप प्रजातियों के बीजों का विसरण व परागण करने वाले महत्वपूर्ण कारक हैं। रात्रिचर हानिकारक कीटों का भक्षण कर कीटों के जैविक नियंत्रण में बड़ी भूमिका का निर्वहन करते हैं। माइक्रोचिरोप्टरान चमगादड़ कृषि पारिस्थितकीय तंत्र के लिए महत्वपूर्ण हैं।

राइनोपोमा हार्डविक्की

पिस्ट्रेलस कोरामाण्ड्रा

राइनोपोमा माइक्रोफाइलम

टेरोकार्पस जिग्नेटस

साइनोप्टेरस स्फिन्क्स

मेगाडर्मा लाईरा

स्कोटोफिलस हीथाई

राऊसेटस लेश्नाउलिटी

हिप्पोसाईडेरोस फुल्लवस

टाफोजोयस नूडीवेण्ट्रिस

वर्तमान अध्ययन वर्ष 2013–15 के मध्य उ0प्र0 के कई जनपदों यथा लखनऊ, बाराबंकी, अम्बेडकर नगर, आजमगढ़, मऊ, फैजाबाद, बस्ती, सुल्तानपुर, इलाहाबाद, बहराईच, हरदोई, जौनपुर, गोरखपुर, बांदा, कानपुर, उन्नाव, गोण्डा, बलरामपुर, महोबा, देवरिया, बिजनौर, मेरठ व बागपत में किया गया। अध्ययन काल में टेरोपोडिड चमगादड़ की तीन प्रजातियाँ यथा–इण्डियन फ्लाइंग फाक्स, टेरोपस, जिगनेटस, लेशनाउल्ट्स राउसेट, रासेट्स लेशनाउल्टी तथा लघुनाक फल खाने वाले चमगादड़, साइनोएटेरस स्फिंक्स (टेरीपोडिडे) देखी गयी। इसके अतिरिक्त उ0प्र0 में विभिन्न स्थानों में कीटभक्षी चमगादड़ों की 8 प्रजातियाँ यथा इण्डियन फाक्स वैम्पायर बैट्स, मैगाडर्मा लाइरा (मैगाडर्माटिडे), द फल्बुस राउण्ड लीफबैट, हिप्पोसिडेरोस, फुल्वुस (हिप्पोसिडेराइडे), द नेकेड रमण्ड, टॉम्ब बैट, टोफोजाएस, नूडीवेंट्रिस (एम्बालोनुरीडे), द लेसर माउस टेल्ड बैट, राइनोपोमा हार्ड विक्यिौर (राइनोपोमेटीडे), द ग्रेटर माउस टिल्ड बैट, राइनोपोमा माइक्रोफिलम (राइनोपोमेरिडे), केलार्टस पिपिस्ट्रेले, पिपिस्ट्रेलस, कोरोमाण्ड्रा (वेस्परटिलियोडे) केलार्ट्स पिपिस्ट्रेले, पिपिस्ट्रेलस सिलोनिकस (वेस्परटिलियोनिडे) एवं एशियाटिक ग्रेटर येलो हाउस बैट, स्कोटोफिलस हीथीआई(वेस्परटिलियोनिडे) प्रेक्षित की गयी। इसके साथ ही प्रजाति पहचान हेतु समस्त चमगादड़ प्रजातियों की आकारिकी नपत अभिलिखित की गयी। चमगादड़ द्वारा आवास चयन व आवास निर्माण व्यवहार का भी अवलोकन किया गया। फ्रूजीवोरस चमगादड़ यथा पी0जिग्नेटस एवं सी0 स्फिक्स वृक्षों की जड़ों में आवास बनाने की प्राथमिकता देते हैं, जबकि कीट भक्षियों की कई प्रजातियाँ गुफाओं, दरारों, परित्यक्तता भवनों स्मारकों व मन्दिरों में आवास बनाते हैं। चमगादड़ अपना आवास बनाने हेतु मिलियेसी, मोरेसी, एपोसिरेसी, एनोनिकेसी, अरेकेसी, मिर्टिएसी, एनाकार्डियाकेसी, फेबिसी, मोरेसी, पोएसी, सपोटेसी, उल्मेसी एवं रूटेसी कुल के वृक्षों को प्राथमिकता देते हैं।

कीटभक्षी चमगादड़ों के वृक्षों में आवास बनाने की अपेक्षा दरारों, पुराने भवनों, स्मारकों का आवास स्थायी पर्यावरण प्रदान करते तथा अन्य परभक्षियों से इनकी रक्षा करने के साथ ही प्राकृतिक आपदाओं से भी बचाव करते हैं। यह आवास आर्द्रता व तापमान जैसे आन्तरिक पर्यावरण को भी बनाये रखते हैं।

फलभक्षी चमगादड़ की समस्त तीन प्रजातियों व कीटभक्षी चमगादड़ की कुछ प्रजातियॉ अपेक्षाकृत बड़े वृक्षों में अपना आवास बनाते हैं। अतः ऐसे वृक्षों को काटने से अनिवार्य रूप से रोकना चाहिये। कीटभक्षी चमगादड़ों की कई प्रजातियॉ एतिहासिक स्मारकों को प्राथमिकता देती हैं। अतः इन एतिहासिकों आवासों को बिना गिराये और जीर्णोद्धार किये संरक्षित रखना चाहिये। चमगादड़, परागण, बीजों का विसरण सक्रामक बीमारियों के नियंत्रक एवं पारिस्थितिकीय संतुलन बनाये रखकर पारिस्थितिकी तंत्र में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। अतः चिरोप्टरान प्राणि प्रजाति को समुचित संरक्षण कार्यक्रम के माध्यम से अनिवार्य रूप से संरक्षित करना चाहिये। चमगादड़ की जैवविविधता एवं इसका संरक्षण विद्यार्थियों की पाठ्य गतिविधियों में अनिवार्य रूप से शामिल किया जाना चाहिये।

उत्तर प्रदेश के चिरोप्टरान प्राणि की विविधता व वितरण का वर्तमान अध्ययन उ0प्र0 की चमगादड़ विविधता की सूचना उपलब्ध करवाता है। अध्ययन के निष्कर्ष से ज्ञात होता है कि प्रदेश में चमगादड़ के जीवित रहने के लिए आवश्यक विभिन्न आवास, स्थल व भोजन प्राकृतवास की दृष्टि से समृद्ध है। वर्तमान अध्ययन का परिणाम उ0प्र0 की चमगादड़ जैवविविधता पर अतिरिक्त अभिलेख उपलब्ध कराता है।

4. रामगढ़ व बखीरा झील में मत्स्य विविधताः संरक्षण व चिरन्तर (सस्टेनेबल) उत्पादन के पुराने व नवीन आकड़ों के साथ वर्तमान प्रास्थितिकी तुलना-

यह अध्ययन नेशनल व्यूरो आफ फिश जेनेटिक रिसोर्सेज (आई0सी0ए0आर0) लखनऊ द्वारा किया गया है। यह अध्ययन रामगढ़ व बखीरा झील के परिवर्तित हो रहे परिदृश्य में सामाजिक आर्थिक व सामाजिक प्रास्थित मत्स्य जैवविविधता उनके दोहन का स्तर समझने में सहायता करेगा।

मार्च 2013, फरवरी 2015 के मध्य रामगढ़ झील का नियमित मासिक सर्वेक्षण किया गया। दोनों झीलों की मत्स्य विविधता सुनिश्चित करने हेतु गोरखपुर व संतकबीर नगर के स्थानीय बाजारों एवं स्थलीय केन्द्रों का सर्वेक्षण किया गया। मछलियों को मानक वर्गीकरण के अनुसार चिन्हित किया गया। नये प्रेक्षण निम्नानुसार अभिलिखत किये गयेः–

1. कोलिसा फेसिमाटा व टेटीरोन्यूस्टस फॉसिल्स का हाईपोथैलामस एवं पिटीट्यूरीक लैण्ड, टेलियोस्ट्स के दिमाग में स्थानीयकरण हो गया है।
2. वाणिज्यिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण मछलियों के अण्डाशय अगस्त माह में पूर्ण परिपक्व हैं तथा सितम्बर के उत्तरार्ध व आगामी मासों में कमी आने की गतिविधियाँ शुरू हो जाती हैं।
3. मत्स्य विविधता की वर्तमान परिस्थिति दोनों झीलों में मत्स्य पकड़ने के कार्य में परिवर्तन हेतु उत्पादक कारकों के लिए उत्तरदायी है।

रामगढ़ झील में मत्स्य जैवविविधता

रामगढ़ झील से पकड़ी गयी विभिन्न प्रकार की मछलियों का एकत्रीकरण

रामगढ़ झील से पकड़ी गयी बिग हेड एवं परदेश से लाई गयी मछलियॉ

रामगढ़ झील से पकड़ी गयी विभिन्न प्रकार की मछलियों का एकत्रीकरण

रामगढ़ झील से पकड़ी गयी वालागो अट्टू (8.0 किग्रा0)

रामगढ़ झील की मत्स्य जैवविविधता पर सेमिनारः

दिनांक 15.06.2014 को मेहरबा की बारी कूड़ाघाट (रामगढ़ झील के पास) गोरखपुर में रामगढ़ झील की जैवविविधता एवं संरक्षण विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया । इस सेमिनार का उद्देश्य मत्स्य पालन व इस गतिविधियों में लगे हुए लोगों के लाभ हेतु मछुवारा समुदाय के मत्स्य पालन आधारित तकनीकों का हाल में विकास एवं राज्य मत्स्य विभाग, उत्तर प्रदेश के कार्यक्रमों की जानकारी प्राप्त करना था। सेमिनार में रामगढ़ झील की मत्स्य जैवविविधता का आकलन एवं चिरन्तर (सस्टेनेबल) उपयोग हेतु मत्स्य संसाधनों के संरक्षण के लिए रणनीति विकसित करने पर बल दिया गया।

बखीरा झील की मत्स्य जैवविविधता पर सेमिनारः

बखीरा झील की मत्स्य जैव विविधता पर सेमिनार दिनांक 29.04.2015 को प्रभागीय रेंज कार्यालय, बखीरा पक्षी बिहार में जसवाल बखीरा झील की मत्स्य जैवविविधता एवं संरक्षण विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गयी। सेमिनार का शुभारम्भ डॉ0 जे0पी0 शुक्ला, विभागाध्यक्ष, प्राणि शास्त्र विभाग, एस0एच0 किसान पोस्टग्रेजुएट कॉलेज, बस्ती ने किया। जबकि श्री राज कपूर त्रिपाठी, प्रधानाचार्य एवं श्री राम प्रकाश मिश्र उप प्रधानाचार्य, बेनीमाधव गोपीनाथ इण्टरमीडिएट कालेज, बखीरा विशिष्ठ अतिथि थे। मुख्य अतिथि ने हमारी सन्तति के सुखद भविष्य हेतु बखीरा झील का महत्व एवं मत्स्य जैवविविधता व सम्पूर्ण वन्य जीवों के संरक्षण पर बल दिया। श्री आर0के0 त्रिपाठी ने झील के पारिस्थितिकीय महत्व एवं जैवविविधता पर एक परिदृश्य प्रस्तुत किया। डॉ0 अनु शुक्ला ने बस्ती जनपद के छोटे जलपिण्डों की मत्स्य विविधता तथा मत्स्य प्राणि प्रजाति के संरक्षण हेतु किये जाने हेतु अनुभवों को साझा किया। सानीछारा एवं जसवाल से आये वरिष्ठ मत्स्य पालकों ने बखीरा झील के मत्स्य व मत्स्य पालन पर अपने विचार व्यक्त किये एवं मत्स्य प्रजातियों के संरक्षण हेतु अपनाये जाने वाले कुछ उपायों हेतु सुझाव दिये। झाल के सरीसृपों व पक्षियों के संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया।

5. एसेसमेण्ट ऑफ सेज बेस्ड ऑनः माइक्रो मारफॉलॉजिकल करेक्टर्स फूड वेल्यू एवं पोटेंशियल रोल इन फाईटो रेमीडिएशन इन वेटलैण्ड्स ऑफ उत्तर प्रदेशः

यह अध्ययन वनस्पति शास्त्र विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, इलाहाबाद द्वारा किया गया।

परियोजना की शोध योजना के अनुरूप नरकुल का एकत्रीकरण उत्तर प्रदेश के विभिन्न वेटलैण्ड्स से किया गया। पौधों का एकत्रीकरण इलाहाबाद समीपवर्ती क्षेत्रों (शंकरगढ़ व फूलपुर), अल्वारा ताल (कौशाम्बी), चन्द्रप्रभा (चन्दौली), समसपुर पक्षी विहार (सलोन वेटलैण्ड), रायबरेली, नवाबगंज पक्षी विहार (उन्नाव जनपद), सुरहाताल (बलिया जनपद), पार्वती अरगा पक्षी विहार (गोण्डा), कन्नौज जनपद में लाख बहोसी (लगभग 4 कि. मी. दूर) के समीप दो झीलों (उथली झील) में फैले लाख बहोसी पक्षी विहार, जनपद मैनपुरी में समान पक्षी विहार, एटा जनपद के जलेसर उप खण्ड में पटना पक्षी विहार एवं हरदोई में साण्डी पक्षी विहार से किया गया। अध्ययन में गोरखपुर व बलरामपुर जनपद भी शामिल थे। दो वर्षो की अवधि में 17 जीनस की कुल 82 प्रजातियां एकत्रित की गईं। साईप्रस लैन्सियोलोट्स का पाया जाना भारत में नया रिकार्ड होगा तथा इसके निष्कर्ष सचरित किए जा चुके हैं। भारत में बोल्बोसकोनेस ग्लाउकस की उपस्थिति सुनिश्चित हो चुकी है। सूक्ष्म आकारिकी मानकों (एस ई एम एवं फाईटोथि) द्वारा बोल्बोसकोनेस काम्प्लेक्स एवं स्कोएनोप्लिक्टस कॉम्प्लेक्स का विश्लेषण किया गया। बोल्बोसकोनेस कॉम्प्लेक्स सम्बन्धी निष्कर्ष जर्नल प्लाण्ट सिस्टमेटिक एण्ड इवोल्यूशन में प्रकाशित हो चुके हैं। सकोएनोप्लिक्ट्स कॉम्प्लेक्स के निष्कर्ष सम्बन्धी एक शोध पत्र जर्नल एक्वेटिक बॉटनी (एल्सीवियर) को प्रेषित किए गए हैं, परीक्षाणाधीन है।

अधिकांश वेटलैण्ड नरकुल जल विसरित फल की फसलें उत्पादित करते हैं। इन्हें वीटो, पक्षियों, चटक गौरय्या एवं कुछ स्तनपाईयों की विभिन्न प्रजातियां खाती हैं। नरकुल के बीज व पत्तियां ताजा जल के मीडोज बनाते हैं। ट्यूबर, खनिजों के महत्वपूर्ण पोषक स्रोत है तथा क्रेन जैसे पक्षियों के लिए अवशेष तत्व हैं। इलियोकेरिस डुलसिस एल (वाटर चेस्टनेट) एवं साईप्रेस एस्क्यूलेण्टस एल (कशेरू) के ट्यूबरों का एल आई बी एस एवं आई सी पी एम एस एवं अन्य तकनीकों से ट्यूबर में कार्बोहाइड्रेट व प्रोटीन सामग्री एवं खनिज तत्व ज्ञात करने हेतु



चित्र 1(अ) साइप्रस एस्कुलेन्टस; (ब) पाइक्रेस पॉलीस्टकइस (रोटब) पी. बीयूव; (स) फिमाब्रिस्टाईलिस शियोनाइड्स;
(द) एलियोकेरिस एक्यूटांगुला (राक्सब) शुल्ट; (च) शोइनोप्लेटस आर्टी कुलेटस (एल) पल्ला;
(छ) फिम्ब्रिस्टाईलिस फेरूजीनिया (एल) वहल

ट्यूबर का विश्लेषण किया गया। एकत्रीकरण के दौरान सूचना एकत्र करने के लिए स्थानीय व्यक्तियों से विचार विमर्श किया गया। दोनों स्रोतों को सम्मिलित करते हुए नरकुल की खाद्य मूल्य के सम्बन्ध में एक सूची तैयार की गई ।

साइपरेसी का कुल साइपरेसी एस्कुलेन्टस एल. सामान्य तौर पर कशेरू के नाम से जाना जाता है। यह सम्पूर्ण विश्व में जंगली व कृषि फसल के रूप में उगता है। मनुष्यों के अतिरिक्त क्रेन जैसे बड़े पक्षियों एवं अन्य पशुओं का भी भोजन है। वेटलैण्ड्स एवं समीपवर्ती क्षेत्रों में बढ़ते क्रास पॉलीनेशन, कशेरू में पर फाईटो एक्यूमुलेशन प्रापर्टीज एवं उसके प्रभाव का अध्ययन न केवल मनुष्यों के लिए एवं वन्यजीवों के संरक्षण के लिए भी आवश्यक है। साइप्रस एस्कुलेन्टस पौध में आर्सेनिक व क्रोमियम के जैविक संचयन के कारण आकारिकी एवं संरचनात्मक परिवर्तनों की खोज हेतु साइप्रस एस्कुलेन्ट्स पौधों का तीन सप्ताह तक आर्सेनिक व क्रोमियम का धातु उपचार किया गया। धातु संचयन के कुल अध्ययन से ज्ञात हुआ कि उच्च सहिष्णुता एवं संचयन सीमा के कारण साइप्रस एस्कुलेन्ट्स में इस पौध में क्रोमियम है। वेटलैण्ड प्राणि प्रजातियों के लिए यह संवदेनशील खाद्य स्रोत है, इस पौधे में पाए जाने वाली भारी धातु व अन्य प्रदूषकों का खाद्य श्रृखंला में प्रभाव जानने हेतु यह अत्यधिक महत्वपूर्ण है।

इस परियोजना का निष्कर्ष उत्तर प्रदेश में दलहन विविधता के सम्बन्ध में दलहन की जटिल नामकरण प्रणाली, उनकी खाद्य मूल्य एवं फाईटोएक्सईशन क्षमता पर महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध करवाता है। यह निष्कर्ष भविष्य में टेक्सोनोमिक कार्यकर्ताओं वेटलैण्ड पारिस्थितिकीय पर कार्य करने वाले व्यक्तियों, वेटलैण्ड संरक्षण, वेटलैण्ड पुनर्स्थापना पक्षियों के संरक्षण एवं दलहन पौधों के महत्व पर सामान्य जन में जागरूकता उत्पन्न करने में उपयोगी सिद्ध होगें।

6. उत्तर प्रदेश में दुधवा राष्ट्रीय उद्यान एवं सीमावर्ती क्षेत्रों में टेरीडोफाईट्स एवं हेपाटिसेई (ब्रायोफाइट्स) की विविधता वितरण एवं परम्परागत वनस्पति शास्त्र (एथनोबॉटनी)

यह परियोजना राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान, लखनऊ द्वारा संचालित की गई उ0प्र0 के दुधवा राष्ट्रीय उद्यान, किशनपुर वन्यजीव विहार, कतर्नियाघाट वन्यजीव विहार एवं सीमावर्ती तराई क्षेत्रों से टेरीडोफाईट्स पर बेसलाईन ऑकडे लिए गए। इस परियोजना के मुख्य उपलब्धियां निम्नानुसार हैंः

टेरीडोफाईटस एवं ब्रायोफाइट्स (टेपाटिसेई) के अद्यावधिक बेसलाईन ऑकड़े लखीमपुर खीरी दुधवा राष्ट्रीय उद्यान में एवं किशनपुर वन्यजीव विहार, बहराईच में कतर्नियाघाट वन्यजीव विहार एवं उत्तर प्रदेश की तराई के सीमावर्ती क्षेत्रों से तैयार किए गए। बेसलाईन ऑकडों ने टेरीडोफाइट्स की 10 प्रजातियां व ब्राइयोफाइट्स (प्रजाति के सही नाम के बिना) 5 टेक्सा पाए जाने की सूचना उपलब्धक कराई। मानसून पूर्व व मानसून पश्चात् (मार्च 2013 से फरवरी 2015) दुधवा राष्ट्रीय उद्यान, किशनपुर वन्यजीव विहार, कतर्नियाघाट वन्यजीव विहार एवं इसके सीमावर्ती तराई क्षेत्रों के वन क्षेत्रों में टेरीडोफाईट्स एवं ब्राइयोफाइट्स से सर्वेक्षण एवं एकत्रीकरण हेतु तीन परवर्ती, सुविस्तृत एवं क्षेत्र अन्वेषण किए गए।

लखीमपुर खीरी के दुधवा राष्ट्रीय उद्यान के 12 इलाकों (बेलराया, किला, दुधवा, सोनारीपुर, ककरहा ताल, सलूकापुर, बेलापरसुआ, सठियाना, बेलघाट, गौरीफंटा, चंदन चौकी, बनकटी) किशनपुर वन्यजीव विहार के 4 इलाकों (कटइय्या चौकी, किशनपुर, झादी ताल, तार कोठी) एवं कतर्नियाघाट वन्यजीव विहार के 12 इलाकों

(सदर बीट, बिछिया बीट, निशना-गाढ़ा, छफरिया चौक, रामपुरवा, तिगड़ा वन, मुर्थिया ककरहा, मोतीपुर, हसुलिया बीट, बडखड़िया बीट, अब्दुल्लागंज वन) से टेरीडोफाईट्स के कुल 518 व ब्राइयोफाईट्स के 197 नमूने एकत्र किए गए।

टेरीडोफाईट्स के 518 व ब्राइयो-फाईट्स के 197 नमूनों का हर्बेरियम बनाया गया व हर्बेरियम (एल डब्लू जी) में जमा किये गये।

दुधवा राष्ट्रीय उद्यान में बेला परसुआ में वन का दृश्य

अध्ययन क्षेत्र में टेरीडोफाईट्स के 518 नमूनों की पहचान में 16 जेनरा एवं 14 कुल की 26 प्रजातियां एडियान्टम कैपीलस वेनरीजलिन, ए. एजवर्दी हुक, ए. इनसीजम फासर्क, ए. फिलीप्पेन्स बर्म. एफ, एम्पेलोप्टेरिस प्रोलीफेरा (रेट्ज), कोपेल, अजोला पिन्नाटा आर.बी.आर., सेराटोप्टेरिस थालीक्ट्रोइड्स (एल) ब्रोगेन, केइलान्थस बाइकोलर (राक्बर्गाई) ग्रिफ सी एल्बोमार्जिनाटा, क्रिस्टेला एपेन्डिकुलाटा (पी आर) होल्ट, क्रिस्टेला अरीडा (डी डॉन) हॉल्ट, क्रिस्टेला डेनटाटा (फोर्स्क), ब्राऊनसे एण्ड जर्मी, सी पैरासाईटिका (एल) लेवी, डिप्लाजियम एस्कुलेन्टस (रेट्ज) एस डब्लू, ड्रायोप्टेरस कोकेलिएटा (हाम एक्स डी डॉन), सी सी एच आर, इक्वीसेटम रेमोसिसीमम डेस्फ, ई. डिफ्यूसम फलेक्सुओसम (एल) एस डब्लू, एल, जापानिकम (थम्ब), एस डब्लू, मार्सीलिया मिनुटा एल माइक्रोलेपिया स्पेलुन्सेई (एल) मूरे, ओफियोग्लोसम रेटीकुलेट्म लिन, टेरिस ब्लाउरिटा एल पी विशिएटा एल, सेलीाजिनेला सिलियेरिस (रेट्स) स्प्रिंग पाई गई।

दुधवा राष्ट्रीय उद्यान में टेरीडोफाइट्स के 14 फूलों के अन्तर्गत 16 जेनरा से सम्बन्धित 22 प्रजातियां अर्थात एडियान्टम फिलीपेन्स, ए. इन्सीसटम एम्पेलोप्ट्रिस प्रोलीफेरा, अजोला पिन्नाटा, सेराटोप्टेरिस याली क्ट्रोइड्स, सेलाइन्थस बाईकोलर, क्रिस्टेला डेन्टाटा, सी अरीडा सी. पैरासाईटिका, सी एपेन्डीकुलाटा, डिप्लाजियम एस्कुलेटम, ड्राईयोप्टेरिस कोकलिएटा, एक्वीसेटम रेमीसिसीमम, हेल्मिथोस्टेकिस जेनालिा, लाईगोडियम फ्लेक्सुओसम, एल. जापोनिकम, मार्सीलिया मिनुटा, ओफियो ग्लॉसम रेटीकुलेटम, टेरिस ब्लाऊरिटा, पी. विटाटा, माइक्रोलेपिया स्पेलुन्सेई एवं सेलाजिनेला सिलियारिस पाए गए।

दुधवा राष्ट्रीय उद्यान मे डिप्लाजियम एस्कुलेटम, एम्पेलोप्टेरिस प्रोलीफेरा, क्रिस्टेला डेन्टाटा एवं लाईगोडियम फलेक्सुओसम बहुतायत में पाए जाते हैं जबकि केइलान्थस बाईकोलर, क्रिस्टेला एपेन्डीकुलाटा, सी. अरीडा, ड्राईयोपटेरिस कोकलियाटा, इक्वीसेटम रामोर्सिसीमम, लाईगोडियम जोपोनिकम एकल इलाके में दुर्लभा टेक्सा की तरह पाए जाते हैं।

दुधवा राष्ट्रीय उद्यान में 11 कुल व 11 जेनरा से सम्बन्धित 14 प्रजातियां अर्थात एडियान्टम इन्सीसम, अजोला पिन्नाटा, केइलान्थस बाईकोलर, क्रिस्टेला एपेण्डीकुलाटा, सी. अरीडा, सी. डेन्टाटा, ड्राइयोप्टेरिस कोकलिएटा,

इक्वीसेटम रेमोसिसीमम लाईगोडियम जापोनिकम, मार्सीलिया मिनुटा, टेरिस बियाउरीटा, पी. विटाटा, माईक्रोलेपिया स्पेलुन्सेई, सेलाजिनेला सिलियेरिस प्रथम बार नए रिकार्ड की तरह रिपोर्ट किए गए।

किशनपुर वन्यजीव विहार में 7 कुल, 9 जेनरा से सम्बन्धित टेरीडोफाइटस की कुल 11 प्रजातियां पाई गईं।

एम्पेलोप्टेरिस प्रोलीफेरा, डिप्लाजियम एस्कुलेन्टम, लाईगोडियम फ्लेक्सुओसम, ओफियोग्लोसम रेटीकुलेटम बहुतायत में पाए जाते हैं जबकि एडियान्टम इन्सीमम, ए. फिलीपेन्स, सेराटोप्टेरिस थालीक्ट्रोइड्स क्रिस्टेला डेन्टाटा, एक्वीसेटम रामोसीसीमम, ई. डिफ्यूसम, हेल्मिन्थोस्टेकिस जेलानिका, किशनपुर वन्यजीव विहार में दुर्लभ है।

किशनपुर वन्यजीव विहार में 7 कुल, 9 जेनरा की टेरियोडोफाइट्स की कुल 11 प्रजातियां नया रिकार्ड हैं।

कतर्नियाघाट वन्यजीव विहार में 14 कुल, 16 जेनरा से टेरियोडोफाइटस की 25 प्रजातियां अर्थात एडियाटम कैपिलस–वेनेरिस, ए. एजवर्दी, ए. इंसीसम, ए. फिलीपेन्स, एम्पेलियोप्टेरिस प्रोलीफेरा, अजोला पिन्नाटा, सेराटोप्टेरिस थालीक्ट्रोइडस, केइलान्थस बाईकोल 2, सी एल्बोमार्लिया पैरासीटिका, डिप्लाजियम एस्कुलेन्ट्म, ड्राईपोप्टेरिस कोकलिएटा, एक्वीसेटम रेमोसिसीमम, ई. डिफ्यूसम हेल्मिनथोसटेकिस जेइलानिका, लाईगोडियम फ्लेक्सुओसम, मार्सीलिया मिनुआटा, माइक्रोलेपिया स्पेलुन्केई ओफियोग्लोसम रेटीकुलेटम, टेरिस बियाउरीटा, पी. विटाटा सेलाजिनेला सिलियारिस पाए जाते हैं।

कतर्नियाघाट वन्यजीव विहार में एम्पेलियोप्टेरिस प्रोलीफेरा, एडियान्टम फिलीपेनस, लाईगोडियम फ्लेक्सुओसम, ओफियोग्लोसम रेटीकुलेटम बहुतायत में जबकि एडियान्टम केपिलस–वेनेरिस, ए. एजवर्दी, अजोला पिन्नाटा, केइलान्थस एल्बोमार्जिनाटा, सी.बाईकोलर, एक्वीसेटम डिफ्यूसम, ड्राईयोप्टेरिस कोकलिएटा, माइक्रोलेपिया स्पेलुन्सेई दुर्लभ हैं।

कतर्नियाघाट वन्यजीव विहार में 14 कुल, 16 जेनरा की टेरीडोफाइटस की 25 प्रजातियां प्रथम बार पाई गईं।

सम्पूर्ण क्षेत्र (दुधवा राष्ट्रीय उद्यान, किशनपुर वन्यजीव विहार, कतर्नियाघाट वन्यजीव विहार) में एडियान्टम केपिलस वेनेरिस, ए. एजवर्दी, ए. इन्सीसम, अजोला पिन्नाटा, केइलान्थस एल्बोमार्जिनाटा, क्रिस्टेला एपेन्डीकुलाटा, सी, अरीडा, सी. डेन्टाटा, ड्राईयोप्टेरिस कोकलिएटा, एक्वीसेटम, रामोसीसमम, ई डिफ्यूसम, लाईगोडियम जापोनिकम, मार्सीलिया मिनुटा, टेरिस बियाउरीटा, पी. विटाटा एवं सेलाजिनेला सिलियेरिस पाया जाना एक नया रिकार्ड है ।

टेरीडोफाइटस पॉच प्रजातियों अर्थात एडियान्टम फिलीपेन्स, क्रिस्टेला डेन्टाटा, ड्राईयोप्टेरिस कोकलिएटा, माइक्रोलेपिया स्पेलुन्सेई तथा टेरिस बियाउरीटा की इन विट्रो अध्ययन व पुनर्जनन जीवविज्ञान संचालित किया गया।

सम्पूर्ण दुधवा राष्ट्रीय उद्यान, किशनपुर वन्यजीव विहार, कतर्नियाघाट वन्यजीव विहार के सम्पूर्ण क्षेत्र ब्रायोफाइट्स के 197 नमूने चिन्हित किए गए। इनके चिन्हीकरण में 21 कुलों के 25 जेनरा से सम्बन्धित 32 प्रजातियां अर्थात अस्टेरलिया अंगुस्टा एसटी ए. पाठानकोटेन्सिस कश्यप, ए. वालीचियाना (लेहम एण्ड लिंडनेवा) ग्रोले, ब्रोकाईथेसियम प्रजाति, कोलोलेजिउनिया लेटीलोबुआ (स्प्रस) शीफिन, सिआथोडियम कावरनारम कुंज,

डिट्रीकम टाट्रिफस मिंट कुंट्ज, फिजीडेंस मिटेनी पार, एफ. रेजेड्यूसकुलस, ब्रोथ, फोसोम्ब्रोमिया, हिमालयन्सिस कश्यप, हायोफिला रेवोल्यूटा, आईसोप्टेरीजियम एलेगन्स (ब्रिड) लिंडेनब, मर्चेटिया जेम्मीनाटा नीस, एम. लाईनेरिस, ऑक्सीसटेगस स्टेनोफिलस (मिंट) गांगुली, फाएओसेरॉस, कारोलिनिया (माईक्स) प्रोसोक, फिलोनोटिस मॉलिस (डॉज एण्ड मॉल्फ) मिंट, फाईस्कोयिट्रियम, यूरीस्टोमम सेण्डटन, प्लाजियोचा, स्पेन्डीकुलेटम एल. एट. एल., प्लेक्टोकोलिया रूबीपक्टाटा, टेरोब्राथोप्टेसिस प्रजाति, रेबाउलिया हेमिस्फेरिका (एल) रडाई, रिक्किया, फ्लूटांस एल, आर, डिस्कॉलर, आर बिलारडियरी मॉट, आर. कावेरनोसा, हॉफिम, रिसियोकार्पस नाटान्स कोर्डा, सेमीबारबुला रानुई, गांगुली, स्टीरियो फाईलम प्रजाति टेक्सीथेलियम नेपालेंस (शिवार्ग) ब्राथ, थूडियम स्पर्सीफोलियम (मिंट), जैग, टी स्क्वाटोसलम रेन एण्ड कोर्ड 16 हेपाटिसेई, 16 एन्थोसीरोटे एवं 15 मॉन्स खोजी गई।

दुधवा राष्ट्रीय उद्यान में 18 कुल के अन्तर्गत 21 जेनरा से सम्बन्धित ब्रायोफाईट्स की 28 प्रजातियां पाई जाती हैं। दुधवा राष्ट्रीय उद्यान के ब्रायोफ्लोरा के साथ ही समस्त 28 प्रजातियां प्रथम बार खोजी गई हैं।

दुधवा राष्ट्रीय उद्यान में सियाथोडियम केवरनरम, प्लेजियोचाश्मा एपेन्डिकुलेटम, फिसीडेन्स मिटेनी, आइसोप्टेरीजियम एलीगन्स, साईकोमिट्रियीम यूरिस्टोमम, टेक्सीथेलियम नेपालेन्स, सेमीबारबुला रानुई, हाइयोफिला रीवोल्यूटा बहुतायत में जबकि गरकेशिया जेमीनाटा, एम. माइनियेरिस अस्टरेला अंगुस्टा, ए. पठानकोटेनसिस, ए. वालीचियान्स, फेमिओसेसेस कारोबिनियानस, रीबाउलिया हेमिस्फेरिका, प्लेक्टोकोलिया सब्रीपंक्टाटा, रिकिया फ्लूटंस, आर. डिस्कलर, आर. बिलारडियरी, फिजीडेन्स रेजेडियसकुलस, फिलोनोटिस मोलिस, डिरिकमनिया टोर्टिप्स, ब्रेकीथेसियम, फूइडियम स्परशीफोलियम, टी. स्क्वारोसुलभ एवं ऑक्सीस्टेगस स्टेनोफाईलस दुर्लभ टेक्सा है।

किशनपुर वन्यजीव में 8 कुल एवं 9 जेनरा से सम्बन्धित 10 प्रजातियां अस्टरेला पठानकोटेन्सिस, फिसीडेन्स मिटेनी, मरकेशिया लिनारिस, प्लेजियो चाश्मा, एपेन्डीकुलाटम, अस्टेरेला पठान कोटेन्सिस एकल इलाके में दुर्लभ टेक्सा की तरह पाए जाते हैं जबकि शेष प्रजाति 2 या 3 इलाकों में पाई जाती है तथा किशनपुर वन्यजीव विहार के लिए सामान्य टेक्सा मानी जाती है। 8 कुलों व 9 जेनरा से सम्बन्धित ब्रायोफाइटस की कुल 10 प्रजातियां किशनपुर वन्यजीव विहार के लिए नया रिकार्ड है।

कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग में 13 कुल, 14 जेनरा से सम्बन्धित कुल 15 प्रजातियां अर्थात् कोलोलीज्यूनिया लेटीलोबुला (स्प्रूस) शिफिन, स्याथोडियम कवरनारम कुंजे फिजीडेन्स मिटेनी पार फोसोम्ब्रोनिया हिमालयन्सिस कश्यप, मर्केशिया लिनारिस, फिलोनोटिस मॉलिस (डॉज एण्ड माल्क) मिंट, साइकोमिट्रियम यूरोस्टोमम सेंडथ, प्लेजियोचाश्मा एपेण्डिकुलेटम एल, आर.केवरनोसा हॉफिम, रिकीकारपसनाटस कोर्डा, सेमीबारबुला रामुई गांगुली स्टीरियोफाईलम, टेक्सीथेलियम नेपालेन्स (स्वार्ज), ब्राथ प्रजाति कुइडियम स्पारसीफोलियम (मिंट) जोएग अभिलिखत की गई है।

कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग में रिकिया फ्लूइटान्स, कोलोलेज्यू, लेटीलेबुला, स्टीरियोफाईलम प्रजाति, फोसोम्ब्रोनिया हिमालयान्सिस, रिक्कीकारपस नटान्स एकल इलाके में दुर्लभ टेक्सा की तरह पाया जाता है जबकि फिसीडेन्स मिटेनी, साइकोमिट्रियम यूरिस्टोमम, फिलोनाटिस मॉलिस, सेमीबारबुला रानउई, रिकिया कावरनोसा कतर्नियाघाट वन्यजीव विहार में 4–5 इलाकों में सामान्य प्रजाति की तरह पाया जाता है।

कतर्नियाघाट वन्यजीव विहार में ब्रायोफाइट्स के 13 कुल, 14 जेनरा की 15 प्रजातियां नया रिकार्ड है।

टेरीडोफाइट्स एवं ब्रायोफाइट्स की फोटोग्राफिक प्लेटे व रेखाचित्र उनके चिन्हीकरण की जानकारी देने हेतु तैयार की गई है।

टेरीडोफाइट्स के सम्बन्ध में इथनों बॉटनिकल सूचना एवं थारू आदिवासियों के सम्बन्ध में इथनो बॉटनिकल की सूचना एकत्र की गई। कुल 14 टेरीडोफाइटिक प्रजातियां अर्थात एडिआण्टम कैपिलस–वेनेरिस (हंसराज), एडिआण्टम फिलीपेन्स (हंसवती, कांते आर, काली सुंधिया), एम्पेलोप्टेरिस प्रोलीफेरा (कोचिया, माछी–न्यूर), सेराटोप्टेरिस थालीक्ट्रोइडेस (सेवाली–झाड), क्रिस्टेला डेंटाटा (मकरगोरवा), क्रिस्टेला पैरासिटिका (माछी न्यूर, लिम्रा), डिप्लाजियम एसकुलेन्टम (कोचिया, लुकडा धेकी, पानी–न्यूर), एक्वीसेटम रेमोसिसीमम (जोड–तोड़ अंरवचिमका), हेल्मिन्थोस्टाकिस जेलानिका (कामराज, मजूर कुट्टी, मजूरपेयर, बंदकांड, झोटपोखरी), लाईगोडियम फ्लेक्सुओसम (धेंगराजुआ, नीम–झाड, बिस्मा), मार्सीलिया मिनुआटा (चिल–चिलझाड़), माइक्रोलेपिया स्पेलुन्सेई, ओफियोग्लोसम रेटीकुलेटम (जिमी, जिब्रा, एक पतिया, जिबिया) एवं टेरिस ब्लाउरिटा पाए जाते हैं जिसे थारू जनजाति द्वारा भोजन, चारा, औषधि एवं अन्य व्यंजन के रूप में बड़े स्तर पर उपयोग किया जाता है।

7. उत्तर प्रदेश के संरक्षित क्षेत्रों में लाईकेन खोज एवं संरक्षण हेतु स्टेकहोल्डर्स को संवेदनशील बनाना शीर्षक परियोजना को राष्ट्रीय वानस्पातिक अनुसंधान संस्थान लखनऊ ने प्रायोजित किया।

इस परियोजना के अन्तर्गत तीन जैव विविधता कार्यशालाएं आहूत की गई तथा उत्तर प्रदेश के कुल 07 जनपद में लाईकेन एकत्रीकरण हेतु अन्वेषण किया गया। श्री वी0के0 सिंह, भा0व0से0, उप निदेशक द्वारा दुधवा टाईगर रिजर्व के जैवविविधता जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। श्री वी0के0 सिंह, वन रक्षक, वन रेंजर, प्रभागीय बनाधिकारी, वन्य जीव प्रतिपालक, वन्यजीव रक्षक, उपराजिक, किशनपुर, मैलानी, उत्तर सोनारीपुर, दुधवा, पर्यटन, बेलरायां, गौरीफंटा, सठियाना, पहियां में कार्यरत सहायक स्तर के कुल 53 अधिकारियों व कर्मचारियों ने प्रतिभागियों ने कार्यशाला में प्रतिभाग किया। डॉ0 डी0के0 उप्रेती को एस0 नायका एवं डॉ0 आर0 बाजपेयी रिसोर्स पर्सन थे। श्री वी0के0 संह ने रिसोर्स पसर्नन एवं समस्त प्रतिभागियों का स्वागत किया। डॉ0 उप्रेती ने प्रतिभागियों को लाईकेन पर परिचयात्मक व्याख्यान दिया। जबकि डॉ0 नायका ने लाइकेन पर परिचयात्मक व्याख्यान दिया। जबकि डॉ0 नायका ने लाइकेन के विशिष्ट सन्दर्भ में उत्तर प्रदेश की जैवविविधता का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। डॉ0 बाजपेई ने वायु प्रदूषण अनुश्रवण अध्ययन में लाइकेन्स के उपयोग पर व्याख्यान दिया। प्रतिभागियों को लाइकेन के वास्तविक नमूने दिखाए गए। लाईकेन पर विभिन्न पोस्टर प्रदर्शित किए गए। प्रतिभागियों ने अपनी रूचि प्रदर्शित करते हुए विशेषज्ञों से उत्सुकता पूर्वक कई प्रश्न पूछे। कार्यशाला के सम्बन्ध में फीडबैक परीक्षण सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले सी0वी0पी0 सिंह (वन दरोगा, पर्यटन) एवं तुलसी राम दोहरे रेंज फारेस्ट ऑफीसर) पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। समस्त प्रतिभागियों को कांफ्रेस किट एव प्रतिभाग हेतु प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

श्री प्रदीप पाण्डेय, प्रधानाचार्य के सहयोग से जैवविविधता जागरूकता की एक अन्य कार्यशाला मेवालाल राम दुलारी विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज में आयोजित की गई। इस कार्यशाला में कक्षा 9 व 11 के कुल 98 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। विद्यार्थी इच्छुक व उत्साहित थे। डॉ0 यू0के0 उप्रेती, डॉ0 एस. नायका एवं डॉ0 आर0 बाजपेयी

रिसोर्स पर्सन को डॉ0 उप्रेती ने विद्यार्थियों के समक्ष लाईकेन व उनके महत्व पर सम्पूर्ण परिदृश्य का प्रस्तुतिकरण किया। डॉ0 नायका ने उत्तर प्रदेश की जैवविविधता पर विस्तार से उत्तर प्रदेश के सन्दर्भित क्षेत्रों में लाइकेल अन्वेषण एवं स्टेकहोल्डर्स को संरक्षण के लिए संवेदनशील बनाना। प्रकाश डालते हुए राज्य में लाइकेन की स्थिति रिपोर्ट का प्रस्तुतिकरण किया।

डॉ. बाजपेई ने विद्यार्थियों को वायु प्रदूषण अनुश्रवण अध्ययनों में लाईकेन के उपयोग के बारे में विस्तार से बताया। कार्यशाला के सम्बन्ध में फीडबैक परीक्षण में सर्वाधिक अंक प्राप्तकर सुश्री मंदीप कौर (कथा 9 ए) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि श्री मुहम्मद अदनान खान (कथा 11 बी) एवं श्री मुनीष गुप्ता (कक्षा 9 ए) को सालना पुरस्कार प्राप्त हुआ। समस्त विद्यार्थियों को सहभागिता प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

वनस्पति शास्त विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय में आयोजित जैवविविधता जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का समन्वय प्रो0 अनुपम दीक्षित ने किया तथा इसमें एम0एस0सी0 में अध्ययन व शोध कर रहे 124 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रो0 आर0के0 पाण्डेय, अध्यक्ष, मध्यप्रदेश प्राइवेट विश्वविद्यालय निमंत्रण आयोग, भोपाल ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यशाला का शुभारम्भ किया। प्रो0 अनुपम दीक्षित ने प्रतिभागियों का स्वागत किया। डॉ0 संजीव नायका ने कार्यशाला का महत्व विस्तार से बताया। प्रो0 ए0के0 पाण्डेय ने शुभारम्भ 'मशरूम' भारत में कुपोषण से लड़ने के लिए क्षमतावान स्त्रोत विषय पर व्याख्यान दिया। कार्यशाला में व्याख्यान की श्रृंखला में डॉ0 एल0बी0 चौधरी द्वारा 'जैवविविधता एक परिचय', डॉ0 एस0 नायका द्वारा' भारत व उत्तर प्रदेश में लाइकेन की विविधता एवं वितरण',डॉ0 विजय बाघ द्वारा 'मानव कल्याण में मानव वनस्पतियों सत्र', डॉ0 अजीत पी0सिंह द्वारा ब्रायोफाइट्स व टेरीडोफाइट्स की विविधता एवं महत्व प्रो0 जी0एल0तिवारी द्वारा साइनोबैक्टीरिया के विशिष्ट सन्दर्भ में काई (एलगी) की विविधता एवं डॉ0 मुहम्मद आरिफ द्वारा 'रक्षा व्यक्तियों के कल्याण के लिए जैवविविधता विषयों पर व्याख्यान दिए गए। समापन सत्र में छात्रों को प्रतिभागिता का प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

कटहल वृक्ष पर क्रस्टोसे की वृद्धि

पश्चिमी उत्तर प्रदेश के बिजनौर, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर, पीलीभीत, रामपुर, सहारनपुर व शाहजहांपुर जनपदों में एक सप्ताह की अवधि का लाइकेन अध्ययन भ्रमण आयोजित किया। लाईकेन के लगभग 70 नमूने एकत्र किए गए। इन लाईकेन्स की पहचान में 25 नमूने क्रस्टो लाइकेन्स के पाए गए। हाईपरफिर्ईसिया एडग्लूसीनाटा, एच, सिनकोल, फाईसिया डिमीडाटा, नाईक्सीन कोकोएस, पी रेटीकुलाटा ही पत्तीदार लाइकेन के पूर्व में पीलीभीत जनपद में लाईकेन की केवल 2 प्रजातियां अभिलिखित की गई थी जबकि इस

साल वृक्ष पर क्रस्टोसे लाईकेन की प्रचुर वृद्धि

अध्ययन में 15 प्रजातियों का प्रतिनिधित्व पाया गया। शेष समस्त जनपदों में लाइकेन्स का यह प्रथम अभिलेखीकरण है। जनपद में प्राकृतिक वनस्पति न्यून है। केवल पीलीभीत में वन क्षेत्र हैं तथा यहाँ लाईकेन की अच्छी विविधता है। अन्य शेक्ष क्षेत्रों में आम के बागों की प्रमुखता है।

सारणी–1 में समस्त जनपदों के लाईकेन संकलित है। यह पूर्णरूप से चिन्हित 27 प्रजातियों का प्रतिनिधित्व करता है। उल्लेखनीय है कि अर्कोकेलियम कियोडेक्टरोइड्स (नाइल) जल्हौर, डियोराईग्मा, सूजोनम (जल्हौर), एम. नाकन एवं काशिव, ग्राफिस पाइरो-केइलायड्स जल्हौर, ओपेग्राफा माइक्रो-स्पोरा मुल आर्ग, पाईक्सीन रेटी कुलासा (वेज) उत्तर प्रदेश में प्रथम बार अभिलिखित की गई है।

सारणी 1 : पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 8 जनपदों में एकत्र किए लाईकेन्स की सूची

(टिप्पणी + = उपस्थित, – = अनुपस्थित, ~ = उ0प्र0 के लिए नवीन अभिलिखित)

	प्रजाति का नाम	पश्चिमी उत्तर प्रदेश							
		बिजनौर	मेरठ	मुरदाबाद	मुजफरनगर	पीलीभीत	रामपुर	सहारनपुर	शाहजहॉपुर
1	'आर्थोथेलियम एबनोर्मे (ऐश) मुल. आर्ग	-	-	-	-	+	-	-	-
2	ए. केइयोडेक्टोइड्स (नाइल) जहल्बर	-	-	-	-	+	-	-	-
3	बेसीडिया इनकॉनग्रुएन्स (स्टिअर्ट) जहल्बर	-	+	-	+	+	-	+	+
4	बी. मेडिएलिस (टक) जहल्बर	-	+	-	-	-	-	-	-
5	बी. मिलेग्राना (टाइलर) जहल्बर	+	-	+	-	+	+	+	+
6	बी. स्पेडिसिया (ऐश) जहल्बर	-	-	-	-	-	-	+	-
7	बी. सबमेडियालिस (नाइल) जहल्बर	-	-	-	-	-	+	-	-
8	बेसीडियोसपोरा सोरीना नाईल एक्स हयू	-	+	-	-	-	-	-	-

	प्रजाति का नाम	पश्चिमी उत्तर प्रदेश							
		बिजनौर	मेरठ	मुरदाबाद	मुजफरनगर	पीलीभीत	रामपुर	सहारनपुर	शाहजहॉपुर
9	ब्युलिया डिसीफोरमिस (फ्र) मड	-	-	-	-	+	-	-	-
10	केलोप्लाका बेसिये (ऐश) जहल्बर	+	+	+	+	+	-	+	-
11	क्राईसोथ्रिक्स क्लोरीना (ऐश) जे.आर. लाउन्डन	-	-	-	+	-	-	-	-
12	'डाइओराईग्मा सूजानम (जहल्बर) एम. नाकन एवं काशिव	-	-	-	-	+	-	-	-
13	डाईरिनारिया एईजियालिटा (अफजल) मूरे	-	-	-	-	+	-	-	-
14	डी. कॉन्सीमिलिस (स्टिरट) डी.डी. अवस्थी	-	-	-	-	+	-	-	-
15	'ग्राफिस पाईरोकेइलोइड्स जहल्बर	-	-	-	-	+	-	-	-
16	हाईपरफाईसिया एबुग्लूशिनाटा (लार्क) एच. माईरोफर एवं पोएल्ट	+	+	+	+	-	+	+	-
17	एच. सिनकोला (टक. एक्स. नाईल) कल्ब	-	-	-	-	+	-	-	-
18	ल्केानोरा एकोआ नाईल	-	-	+	-	+	-	+	-
19	एल. हेल्वा स्टिजनेब	+	-	-	-	+		+	-
20	एल. ट्रापिका जहल्बर	+	-	-	-	-	-	-	-
21	ओपेग्राफा अस्ट्रेइया टक	-	+	+	-	+	-	-	-
22	'ओ. माईकोसपोरा मुल. अर्ग	-	-	-	-	-	-	-	+
23	ओ. वारिया पर्स	-	+	-	-	-	-	-	-
24	फाईसिया डिमीडियाटा (एम.) नाईल	-	-	-	-	-	-	+	-
25	पाईक्सीन कोकोएस (एस. डब्लू.) नाईल	+	+	+	+	+	+	+	+
26	'पी. रेटीकुलाटा (बेन.) वेन	-	-	-	-	-	-	+	-
27	रिनोडीना सोफोडेस (ऐश) ए. मसाल	-	+	+	+	-	-	+	+

(ग) नवीन परियोजनाएं -

बोर्ड द्वारा निम्न परियोजनाएं दो वर्षों की अवधि के लिए स्वीकृत की गई।

ØE lE	ifj;kstuk dk uke	lLFkku dk uke	ifj;kstuk dh dqy ykxr ¼yk[k :0 e½
1.	एन एनोटेड कलर्ड चेकलिस्ट ऑफ बटरलाईज ऑफ उत्तर प्रदेश इण्डिया।	लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ–226007	20.108
2.	टेक्सोकिक स्टडी ऑफ दि ट्री लोरा ऑफ उत्तर प्रदेश	राष्ट्रीय वानस्पतिक अनुसंधान संस्थान (सी0एस0आई0आर) राना प्रताप मार्ग, लखनऊ–226001	10.143

अन्तर्राष्ट्रीय जैवविविधता दिवस, 2014

उत्तर प्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड ने डा0 राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के परिसर में 22 मई, 2014 को अन्तर्राष्ट्रीय जैवविविधता दिवस (आई बी डी 2014) को समारोह पूर्वक मनाया। इस अवसर पर 'द्वीप जैवविविधता' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में विभिन्न अनुसंधान/संस्थानों, विश्वविद्यालय, उ0प्र0 वन विभाग व अन्य प्रदेश के अधिकारियों एवं स्वैच्छिक संस्थानों आदि को शामिल करते हुए 400 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया।

इस संगोष्ठी का उदघाटन मुख्य अतिथि डा. एस.डब्लू.ए. नकवी निदेशक, इण्डियन इन्स्टीटयूट ऑफ ओसियोनोग्राफी, गोवा द्वारा किया गया। उन्होनें भारत के कोरल रीफस के विभिन्न आयामों के सम्बन्ध में प्रकाश डाला।

जे.एस. अस्थाना

श्री जे.एस. अस्थाना, प्रमुख वन संरक्षक, उ0प्र0 ने संगोष्ठी में उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया। उन्होंने अपने स्वागत भाषण में कहा कि वर्ष 2014 को संयुक्त राष्ट्र संगठन ने अन्तर्राष्ट्रीय द्वीप जैवविविधता दिवस के रूप में घोषित किया। उन्होंने कहा कि घरेलू सीवेज, औद्योगिक इकाइयों का सीवेज एवं कृषि क्षेत्र में प्रयोग होने वाले रसायनों एवं कीटनाशकों नदियों के माध्यम से समुद्र के पानी में मिश्रित हो रहा है जिससे हमारे द्वीपों की जैवविविधता खतरे में है। इसके अतिरिक्त उन्होंने यह भी कहा कि ग्रीन हाउस गैसेस के उत्सर्जन तथा ग्लेशियरों के पिघलने के कारण कहीं न कहीं मानव जाति जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा कि अगर यह क्रम नहीं रुका तो समुद्र में जल का स्तर बढ़ने से द्वीपों की जैवविविधता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। भारत दुनिया के 12 वृहद् जैवविविधता वाले देशों में से एक है। पृथ्वी पर लगभग 15,00,000 प्रजातियां पायी जाती हैं जिसमें हमारे देश में लगभग 1,28,000 प्रजातियां पेड़–पौधे व जीव–जन्तुओं की पायी जाती हैं। उन्होंने यह भी बताया कि भारत में 2 हॉट स्पॉट हैं जिनके संरक्षण के लिए विश्व स्तर पर प्रयास किया जा रहा है।

वी.एन.गर्ग

श्री वी.एन.गर्ग, प्रमुख सचिव, वन व अध्यक्ष, उ0प्र0 राज्य जैवविविधता बोर्ड ने कहा कि जैवविविधता संरक्षण के लिए प्रदेश में विद्यार्थियों व ग्रामसभाओं की सक्रिय सहभागिता है। उन्होंने बताया कि सोनभद्र जनपद में पर्यावरण प्रदूषण के कारण स्थानीय निवासियों में फैल रही टी.बी. व कैंसर जैसी बीमारियों का उल्लेख करते हुए पर्यावरण क्षरण को रोकने की आवश्यकता बताई है। उन्होनें यह भी कहा कि जैवविविधता संरक्षण के लिए विकास व पर्यावरण मध्य समन्वय, विकास कार्यों में जैवविविधता को न्यूनतम क्षति व विकास के नाम पर पर्यावरण को क्षति पहुँचाने वालों के विरुद्ध कार्यवाही कर पक्षियों, सरीसृपों, डाल्फिन, वनस्पतियों के अस्तित्व पर उत्पन्न संकट का निराकरण कर सकते हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि जैवविविधता के संरक्षण के लिए जैवविविधता अधिनियम, 2002 के महत्व का व्यापक प्रचार प्रसार उ0प्र0 के प्रत्येक गाँव में किया जाना चाहिए तथा स्थानीय सभी 53,000 ग्राम सभाओं में

जैवविविधता प्रबन्धन समिति का निर्माण व प्रत्येक ग्राम सभा में एक जैवविविधता पंजिका का निर्माण किया जाना चाहिए।

अनुकूल जैवविविधता के लिए हमें निम्न प्रकार से मिलजुल कर कार्य करना चाहिएः–

1. सरकारी विभाग एवं एजेसिंयां
2. स्थानीय समुदाय
3. स्थानीय संस्थायें और नगर निगम तथा जिला पंचायत
4. सरकार द्वारा समर्थन प्राप्त जेएफएम समितियां तथा ईडीसी
5. कम्पनियां एवं व्यवसाय

उन्होंने अन्त में यह भी कहा कि उ0प्र0 राज्य में सी.ई.ई., उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड तथा उ0प्र0 राज्य जैवविविधता बोर्ड द्वारा तीन मुख्य पहलुओं पर इस वर्ष कार्य किया जायेगाः–

1. लखनऊ जिले में जैवविविधता से सम्बन्धित एक बस का चलाया जाना।
2. पर्यावरण यूथ लीडरशिप अवार्ड
3. लखनऊ चिड़ियाघर में व्याख्यान केन्द्र की स्थापना

पवन कुमार

श्री पवन कुमार, सचिव, उ0प्र0 राज्य जैवविविधता बोर्ड ने अपने प्रस्तुतिकरण के माध्यम से अन्तर्राष्ट्रीय जैव जैवविविधता दिवस 2014 के विषय द्वीप जैवविविधता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 2011–2020 के दशक को जैवविविधता दशक घोषित किये जाने के परिप्रेक्ष्य में प्राकृतिक संसाधनों की महत्वपूर्ण भूमिका व आवश्यकता का संदेश जन–जन तक पहुँचा कर जन जागरूकता व जन सहभागिता का निर्माण करना है। उन्होनें अपने आकर्षक स्लाइडों के माध्यम से जैवविविधता तथा उसके विभिन्न स्तरों जैसे– आनुवांशिक जैवविविधता, प्रजाति जैवविविधता एवं पारिस्थितिकी तंत्र जैवविविधता को परिभाषित किया। उन्होनें कहा कि हमारे देश जैवविविधता की दृष्टि से अत्यंत समृद्ध है।

उन्होनें वर्ष 1992 में रियो में आयोजित कन्वेंशन ऑन बायोलॉजिकल डाईवर्सिटी के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने भारत में हमारी जैवविविधता धरोहर के आँकड़ों के बारे में भी अवगत कराया। एक दिलचस्प तथ्य भी बताया कि हेलिक ओलैण्ड एक छोटा सा द्वीप है जिसमें 30 लोग एक साथ रहते हैं। विश्व में कुल 36 जैवविविधता आकर्षण केन्द्र मौजूद हैं जिनमें से छः द्वीप हैं। मारिशस के विलुप्त हो चुके पक्षी डोडो का उदाहरण देते हुए द्वीपों की जैवविविधता के समक्ष उत्पन्न खतरे का वर्णन करते हुए उन्होनें कहा कि समस्त प्रजातियों की सुरक्षा के प्रति सजग रहने की आवश्यकता है।

डा० गुरूदीप सिंह,

डा0 गुरूदीप सिंह, कुलपति, डा0 राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय ने पर्यावरण प्रदूषण करने हेतु किये गये राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय

प्राविधानों से अवगत कराया। इस अवसर पर जैवविविधता सम्बन्धी अन्तर्राष्ट्रीय समझौतों का क्रमवार उल्लेख करते हुए अम्लीय वर्षा, अम्लीय वायु, समुद प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन, ओजोन परत का क्षरण मानव जीवन पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों व कारणों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए पर्यावरण प्रदूषण नियंत्रित करने हेतु किये गये राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय विधिक प्राविधानों से अवगत कराया।

डा० नकवी

डा. नकवी, निदेशक, नेशनल इन्स्ट्टीयूट ऑफ ओसियोनोग्राफी, गोवा ने कहा कि पृथ्वी व उसके निकटवर्ती ग्रहों–वीनस व मंगल में विद्यमान गैसों का तुलनात्मक हमारे धरती के वातावरण में 78 प्रतिशत नाइट्रोजन व 21 प्रतिशत आक्सीजन है। जबकि वीनस व मंगल ग्रहों में क्रमशः 35 प्रतिषत व 27 प्रतिशत नाइट्रोजन एवं शून्य व 0.13 प्रतिशत आक्सीजन है। कोरल रीफ के विशेष संदर्भ में समुद्री जैव का उल्लेख करते हुए कहा कि समुद्र में जीवन का जन्म स्थल से पहले हुआ तभी भौतिक रासायनिक पर्यावरण की वृहद् किस्मों के कारण समुद्र में स्थल की अपेक्षा प्राणि जगत विविधता अधिक है। समुद्र में 14 एण्डेमिक फाईला व 2,30,000 वनस्पति व जन्तु प्रजातियां पाई जाती हैं। कोरल रीफ के लाभ, पारिस्थितिकीय एवं प्रकार का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि कोरल रीफ के समक्ष मानव जाति खतरों में जलवायु परिवर्तन, समुद्र तटों का क्षरण, मछलियों का अत्याधिक शिकार, मनोरंजन एवं अम्लीकरण प्रमुख हैं। डा. नकवी ने कहा कि पृथ्वी में मुख्यतया जीवाष्म ईंधन, समुद्र व कार्बोनेट सेंडीमेंटस के रूप में कार्बन जमा है।

प्रो० बी० सी० चौधरी

प्रो0 बी.सी. चौधरी, (सेवानिवृत्त), वाइल्ड लाईफ इन्सट्टीयूट ऑफ, देहरादून ने वॉलेस डारविन से ई.ओ. विल्सन तक के इतिहास को अपने व्याख्यान में प्रस्तुत किया। उन्होंने यह भी परिभाषित किया कि द्वीप क्या हैं तथा उनका आरम्भ कहाँ से हुआ। प्रो0 चौधरी ने द्वीपों को कई श्रेणियों में वर्गीकृत किया तथा विभिन्न द्वीपों में प्रजातियों को विलुप्त होने के खतरे से भी अवगत कराया। उन्होंने द्वीप जैवविविधता को बताने के लिए गैलापोगास द्वीप का उदाहरण भी दिया। अपने प्रस्तुति की निरन्तरता में प्रो0 चौधरी ने लक्षद्वीप में जैवविविधता के कई उदाहरण प्रस्तुत किये। उनका प्रस्तुतिकरण द्वीपों की सुन्दर चित्रों के साथ सम्पन्न हुआ।

डॉ० दीपक आप्टे

डा0 दीपक आप्टे, चीफ आपरेटिंग आफिसर, बी.एन.एच.एस. ने व्याख्यान में समुद्री एवं तटीय जैवविविधता का एक सुन्दर चित्रण प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि जैवविविधता के लिए खतरा बनता जा रहा भारत के तटीय रेखा के साथ विकासात्मक गतिविधियों पर अधिक ध्यान केन्द्रित करना चाहिए। डा. आप्टे ने समुद्री जैवविविधता का संक्षिप्त आँकड़े भी प्रस्तुत किये।

श्रीमती मिताली कक्कड़, फाउण्डर, संस्थापक, रीफ वॉच मैरीन कन्जरवेशन ने अपनी फिल्म ''ट्रबल्ड वॉटर'' के माध्यम से द्वीप जैवविविधता पर अपने विचार प्रस्तुत किये। उन्होने बताया कि तापमान वृद्धि का मुख्य कारण रीफ

पारिस्थितिकीय तंत्र पर अलनीनों का प्रतिकूल प्रभाव था। मूँगे की चट्टान पारिस्थितिकीय तंत्र संवेदनशील पारिस्थितिकीय तंत्र है जो समुद्र सतह का तापमान बढ़ने से क्षतिग्रस्त होते हैं। श्रीमती कक्कड वर्ष 1995 से निरन्तर मूँगा की चट्टानों का फिल्मांकन कर रही

श्रीमती मिताली कक्कड

श्री राउफ अली

श्री राउफ अली, फेरल, पांडिचेरी ने द्वीपों में इनवेसिव एलियन स्पीशीज पर प्रस्तुतिकरण किया। उन्होंने इनवेसिव एलेइन स्पीसीज को परिभाशित किया। अपने व्याख्यान के दौरान उन्होंने कई इनवेसिव प्रजातियों का उदाहरण भी दिया। अन्त में उन्होंने यह भी बताया कि भारत उन देशों में से है जिसमें अभी इनवेसिव प्रजातियों की कोई भी नीति नहीं बनायी गयी है।

डॉ० ए० आर० टी० आरसू

डॉ० ए० आर० टी० आरसू , ने धुला हुआ मूँगा व लक्षद्वीप की क्षरित होती जैवविविधता की पिक्चर दिखायी। यद्यपि नेशनल इन्स्टीट्यूट ऑफ ओसियानोग्राफी द्वारा प्रत्यारोपण द्वारा मृत मूँगों की पुनर्यवा के महान प्रयास किए हैं। लक्षद्वीप क्षेत्र में प्रत्यारोपण सफल रहा। उन्होंने कहा कि मूँगा जैवविविधता को पुनः भरने हेतु समुचित सिम्बियोटिक एनीमोन्स एवं मूँगा प्राप्त करने हेतु प्रयासों की आवश्यकता है।

डॉ० ध्रुव सेन सिंह

डॉ० ध्रुव सेन सिंह, लखनऊ विश्वविद्यालय ने जलवायु परिवर्तन और द्वीप जैवविविधता पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। डा0 सिंह ने जैवविविधता तथा उसके लाभ पर विचार व्यक्त किये। भारत में विश्व के कुल भूमि क्षेत्र का मात्र 2.4 प्रतिशत भाग है किन्तु कुल प्रजातियों का लगभग 8 प्रतिशत यहाँ पाया जाता है।

फोटोग्राफी प्रतियोगिता के विजेता

प्रथम पुरस्कार : श्री नीरज मिश्रा

द्वितीय पुरस्कार श्री के० प्रवीन राव

तृतीय पुरस्कार : श्री संजय तिवारी

पुस्तक विमोचनः

इस अवसर पर द्वीप जैवविविधता विषय पर एक स्मारिका का विमोचन हुआ। इसके अतिरिक्त डॉ0 वी0डी0 हेगड़े एवं के0 वेंकटरमन, जूलोजिकल सर्वे आफ इण्डिया कोलकाता द्वारा तैयार पुस्तक 'इन्वेंटरी ऑफ फानल डाईवर्सिटी ऑफ उत्तर प्रदेश का भी विमोचन हुआ। इस पुस्तक में उत्तर प्रदेश के प्राणि प्रजातियों को भी शामिल किया गया है। नरेन्द्र देव कृषि विश्वविद्यालय, फैजाबाद के डॉ0 शिवपूजन सिंह द्वारा लिखित पुस्तक' कुकरबिट्स, बायोडाईवर्सिटी, ब्रीडिंग एण्ड प्रोडक्शन इन उत्तर प्रदेश' का भी विमोचन किया गया।

द्वीप जैवविविधता विषय पर स्मारिका का विमोचन

इन्वेंटरी ऑफ फानल डाईवर्सिटी ऑफ उत्तर प्रदेश' का विमोचन

कुकरबिट्स बायोडाइवर्सिटी, ब्रीडिंग एण्ड प्रोडक्शन इन उत्तर प्रदेश
नामक पुस्तक का विमोचन